# निविदा सूचना का प्रारूप

कार्यालय डा0 भीमराव अम्बेडकर पुलिस अकादमी, उ0प्र0 मुरादाबाद
कार्यालय फैक्स नं0 0591–2435117 ईमेल–adguppmbd@@bsnl.in

policeacademy@up.nicin

निविदा सं0: उ–22 /2015 दिनांक: दिसम्बर 21 2015

उत्तर प्रदेश पुलिस के प्रयोगार्थ आधुनिकीकरण योजना वर्ष 2014–15 के अन्तर्गत निम्नलिखित उपकरणों के क्रय हेतु दो प्रतियों में टेक्नीकल एवं वित्तीय भाव पत्र अलग–अलग मुहरबन्द आंमंत्रित किये जाते हैः–

| क0सं0 | उपकरण /साफ्टवेयर का वास्तविक नाम | प्रस्तावित उपकरण की संख्या | टेण्डर का मूल्य (कार्यालय से प्राप्त करने पर रू 500.00 प्रति टेण्डर एवं डाक से प्राप्त करने पर रू 575.00 प्रति टेण्डर | सम्पूर्ति का स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1- | CCTV System with 16 Cameras with complete wiring /fitting | 01 | टेण्डर का मूल्य (कार्यालय से प्राप्त करने पर रू 500.00 प्रति टेण्डर एवं डाक से प्राप्त करने पर रू 575.00 प्रति टेण्डर | पुलिस अकादमी मुरादाबाद |
| 2- | Colour Printing press | 02 | तदैव | पुलिस अकादमी मुरादाबाद एवं पीटीसी सीतापुर |

2– उपरोक्त उपकरणो की आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मे रू0 500–00 नगद अथवा रू0 575–00 का बैंक ड्राफ्ट जमा करके प्रकाशन के दिनॉक से 1.2.2016 तक किसी भी कार्य दिवस में अपर पुलिस महानिदेशक/निदेशक, डा0 भीमराव अम्बेडकर पुलिस अकादमी, उ0प्र0 मुरादाबाद के कार्यालय से निविदा फार्म मय टेक्नीकल/वित्तीय बिड एवं शर्तो सहित प्राप्त कर सकते है। निविदा फार्म के साथ उपरोक्त उपकरण की तकनीकी विशिष्टियॉ (स्पेशिफिकेशन) उपलब्ध करायी जायेगी। निविदा प्रपत्र रू 575.00 का बैंक ड्राफ्ट अपर पुलिस महानिदेशक/निदेशक, डा0 भीमराव अम्बेडकर पुलिस अकादमी, उ0प्र0 मुरादाबाद के पक्ष में भेजकर डाक से भी प्राप्त किया जा सकते हैं। निविदा से सम्बन्धित कोई भी जानकारी किसी भी कार्य दिवस में दूरभाष नम्बर 0591–2435733 पर प्राप्त की जा सकती है। अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय का फैक्स नम्बर 0591–2435117 है। निविदा दिनांक 2.2.2016 को कार्यालय में 1200 बजे तक प्राप्त हो जानी चाहिये।

3– प्रत्येक निविदा के साथ उपकरण के निविदा धनराशि की 02 प्रतिशत अर्नेस्ट मनी (ई0एम0डी0) जमा की जायेगी, जो डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंक गारण्टी एवं एफडीआर के रूप में अपर पुलिस महानिदेशक/निदेशक, डा0 भीमराव अम्बेडकर पुलिस अकादमी, उ0प्र0 मुरादाबाद के पक्ष में बनवाकर प्रस्तुत की जायेगी।

4– अधोहस्ताक्षरी किसी भी निविदा को बिना कारण बताये आंशिक या पूर्ण रूप से अस्वीकार करने हेतु सक्षम होंगें। अधोहस्ताक्षरी को क्रय किये जाने वाले उपकरणों की संख्या घटाने अथवा बढाने का भी अधिकार होगा।

5– उक्त विज्ञप्ति उ0प्र0 पुलिस विभाग की वेबसाइट www.uppolice.up.nic.in व सूचना विभाग की वेबसाइट www.information.up.nic.in पर उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र वेबसाइट से डाउनलोड किये जा सकते है, लेकिन टेण्डर जमा करने के साथ रू0 500–00 का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर चैंक अपर पुलिस महानिदेशक, डा0 भीमराव अम्बेडकर पुलिस अकादमी, उ0प्र0 मुरादाबाद के पक्ष में संलग्न करना अनिवार्य होगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1– | निविदा बिक्री की तिथि – | प्रकाशन की तिथि/वेबसाइट पर आने की तिथि से दि0 1–2–2016 तक |
| 2– | निविदा प्राप्त होने की अन्तिम तिथि | दि0 2–2–2016 |
| 3– | तकनीकी भाव पत्र खोले जाने की तिथि | दि0 2–2–2016 |
| 4– | तकनीकी समिति की बैठक एवं उपकरणों के प्रदर्शन की तिथि | दि0 . 2–2–2016 |
| 5– | वित्तीय भाव पत्र खोलने की तिथि | तकनीकी समिति की आख्या प्राप्त होने पर निर्धारित की जायेगी एवं तद्नुसार फर्मो को सूचित किया जायेगा। |
| 6– | वित्तीय क्रय समिति की बैठक की तिथि | उपरोक्तानुसार |

(मौ0 जावेद अख्तर )
अपर पुलिस महानिदेशक /अध्यक्ष क्रय समिति
पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय
एवं
निदेशक
डा0 भीमराव अम्बेडकर पुलिस अकादमी
उ0प्र0 मुरादाबाद

(टेक्नीकल बिड)

निविदा हेतु आवेदन पत्र

अध्यक्ष क्रय समिति/
अपर पुलिस महानिदेशक
पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय
एवं निदेशक,
डा0 भीमराव अम्बेडकर पुलिस अकादमी
उ0प्र0 मुरादाबाद।

महोदय,

मैने नीचे अंकित उपकरणों की आपूर्ति किये जाने के सम्बन्ध में आपके स्तर से प्रकाशित निविदा सूचना का अध्ययन किया एवं निम्नलिखित उपकरणों की आपूर्ति हेतु निविदा प्रस्तुत कर रहा हूँ :–

| क्र0सं0 | उपकरण/साफ्वेयर का वास्तविक नाम | प्रस्तावित उपकरण की संख्या | धरोहर राशि | तकनीकी स्पेशिफिकेशन |
|---|---|---|---|---|
| 1- | CCTV System with 16 Cameras with complete wiring /fitting | 01 | निविदा धनराशि की 2 प्रतिशत | |
| 2- | Colour Printing press | 02 | निविदा धनराशि की 2 प्रतिशत | |

1– आपूर्ति हेतु प्रस्तावित उक्त उपकरणों के लिये निविदा में अंकित धरोहर राशि के रूप में अपर पुलिस महानिदेशक/निदेशक, डा0 भीमराव अम्बेडकर पुलिस अकादमी, उ0प्र0 मुरादाबाद के पक्ष में देय बैंक ड्राफ्ट संलग्न है।

2– प्रकाशित निविदा सूचना में अपेक्षित अभिलेख निविदा खुलने के उपरान्त तकनीकी समिति के समक्ष प्रस्तुत करूँगा।

3– इस निविदा आवेदन पत्र के साथ संलग्न निविदा सूचना सं0 उ–22 /2015, दिनांकित 21 –12–2015 में क्रय हेतु प्रस्तावित उपकरणों का विवरण तथा बिन्दु सं0 1 से 2 उल्लिखित उपकरणों से सम्बन्धित नियम एवं शर्तो का गहनता पूर्वक अध्ययन कर लिया गया है तथा सभी शर्ते बिना किसी आपत्ति के स्वीकार है।

4– आपूर्ति हेतु प्रस्तावित उपकरणों के वित्तीय बिड में अंकित मूल्य बाजार भाव/दर अनुबन्ध पर आधारित है।

5– क्रय हेतु प्रस्तावित एवं निर्धारित स्पेशिफिकेशनयुक्त उपकरणों के विवरण में अंकित निम्न उपकरणों की निविदा प्रस्तुत की जा रही है :–

6– नोट :– यदि निविदादाता के पास उपयुर्क्त स्पेशिफिकेशन के अतिरिक्त अन्य कोई विवरण उपलब्ध हो तो उसका विस्तृत विवरण निविदा आवेदन पर अपने लेटर पेड पर अंकित करके प्रेषित कर सकते है।

दिनांक:

निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म का नाम/शील
एवं व्यापार कर/आयकर/बिक्रीकर का पंजीकरण सं0

(फाइनेन्सियल बिड)

निविदा हेतु आवेदन पत्र

अध्यक्ष क्रय समिति/
अपर पुलिस महानिदेशक
पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय
एवं निदेशक,
डा0 भीमराव अम्बेडकर पुलिस अकादमी
उ0प्र0 मुरादाबाद।

महोदय,

मैंने नीचे अंकित उपकरण/साफ्टवेयर की आपूर्ति किये जाने के सम्बन्ध में आपके स्तर से प्रकाशित निविदा सूचना का अध्ययन किया एवं निम्नलिखित उपकरण की आपूर्ति हेतु निविदा प्रस्तुत कर रहा हूँ:–

| क0 सं0 | उपकरण/साफ्टवेयर का नाम | तकनीकी बिड में दी विशिष्टियों के अनुसार | कुल मात्रा | उपकरण/साफ्टवेयर का मूल्य तथा अपेक्षित करों का अलग–अलग विवरण | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | उपकरण का मूल्य | वेट टैक्स यू0पी0 | सेन्ट्रल वेट टैक्स | एक्सपोर्ट/इम्पांट डियूटी | कुल योग |
| 1- | CCTV System with 16 Cameras with complete wiring /fitting | तदैव | 01 | | | | | |
| 2- | Colour Printing press | तदैव | 02 | | | | | |

1– प्रकाशित निविदा सूचना में अपेक्षित अभिलेख निविदा खुलने के उपरान्त क्रय समिति के समक्ष प्रस्तुत करूँगा।

2– इस निविदा आवेदन पत्र के साथ संलग्न निविदा सूचना सं0 उ–22 /2015 दिनांकित 21–12–2015 में क्रय हेतु प्रस्तावित उपकरणों का विवरण तथा उल्लिखित उपकरणों से सम्बन्धित नियम एवं शर्तो का गहनतापूर्वक अध्ययन कर लिया गया है तथा सभी शर्तें बिना किसी आपत्ति के स्वीकार है।

3– आपूर्ति हेतु प्रस्तावित उपकरणों के वित्तीय बिड में अंकित मूल्य बाजार भाव/दर अनुबन्ध पर आधारित है।

4– क्रय हेतु प्रस्तावित एवं निर्धारित स्पेशिफिकेशनयुक्त उपकरणों के विवरण में अंकित निम्न उपकरणों की निविदा प्रस्तुत की जा रही है :–

दिनांकः

निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म का नाम/शील
एवं व्यापार कर/आयकर/बिक्रीकर का पंजीकरण संख्या

Technical Specification CCTV System with 16 Cameras with complete wiring /fitting

| S.No. | Units | Description |
|---|---|---|

1- CCTV CAMERA :

High Definition

- 1.0 Megapixel high resolution CMOS
- Analog HD output , upto 720 P resolution
- True Day & Night.
- DNR , Smart IR
- Up to 20 m IR distance
- IP66 weather proof dome

02 LED Color Monitor

- LED size : Min32’’
- Resolution (HxV) : 1920 x 1080
- Video input Port : HDMI & VGA
- Audio Input : one
- Power Supply : 230 V AC , +_ 10 % , 50 Hz.
- Mount : Wall & table

3- DVR ( Digital Video Recorder 16 Ch. )

High Definition

- Connectable to HD & Analog Cameras & Network Cameras
- Simultaneous HDMI and VGA output upto 1920 x 1080P resolution
- Support upto 16 – ch synchronous playback at 720P resolution : reverse playback for multi camera
- Provide 1 Sata interface for HDD upto 6 TB Capacity ( Surveillance HDD only)
- Encoding upto 720P Resolution

04- Video cable RG – 6 ( Co – axial)

- Central conductor material : solid copper > 0.8 mm
- Shielding conductor material : Aluminum or better alloy
- Length of bundle : in meter
- Approved Standard : yes
- Outer Jacket : PVC

05- Electric Supply cable for centralized current to cameras

- Central conductor material : solid copper in > 0.1 mm

- Outer  Jacket : PVC
- Length of Bundle : in meter
- Approved Standard : yes

6- Cabling concealing : in approved standard PVC conduced pipe

07- For SMPS & Connectors enclosure Box per camera : PVC

08- Digital Video Recorder Rack : in metal sheet with lock according to recorder
size

09- Battery Backup : Double battery sine wave branded inverter 1 KVA

10- In Controlling to DVR : Wireless mouse computable to DVR

11- Connectors & leads : Central pins in solid copper / Brass (BNC , RGA , DC )

12 SMPS per camera : Branded 1.25 Amp.

13- Server Connecting : By Cat-6 copper cable with jacks

14- LAN & WAN interfacing : Required with centralized management software

# Technical Specifications Colour Printing Press( Machine)

| | |
|---|---|
| Number of Printing Units | Four |
| Maximum Paper Size | 400 X 508 mm(16"×20") |
| Minimum Paper Size | 100 X 150 mm(4"×6") |
| Maximum Printing Area | 375 x 490 mm |
| Paper Thickness | 45 to 400 gsm |
| Printing Speed | 1500 - 6000 Sheets per hour |
| Feeding System | Single Sheet Feeder |
| Feeder Pile Height | 325mm |
| Delivery Pile Height | 500mm |
| Blanket | 4 Ply Rubber Blanket (4 Nos.) |
| Blanket Thickness | 1.9 mm |
| Gripper Margin on Plate | 36 mm |
| Gripper Margin on Paper | 10 mm |
| Gripper Bite | 5 mm |
| Circumferential Image Adjustment | ±0.5 mm |
| Lateral Image Adjustment | ±1 mm |
| Pull Lay Fine Adjustment | ±1.5 mm |
| Plate Thickness | 0.3 mm |
| | |

| | |
|---|---|
| Delivery System | Chain Delivery with Auto Receding Stacker |
| Inking Unit | 18 Rollers including 4 Oscillators and 3 Form Rollers |
| Power Source | 3 Phase, 440 V , 50 Hz |
| Main Drive Motor | 3.75 Kw (5 Hp) |
| Compressor Motor | 0.75 Kw (1 Hp) |
| Feeder Pile Motor | 0.18 Kw (0.241 Hp) |
| Lubrication Motor | 0.09 Kw |
| Total Connected Load | 6.25 Kw, (8.35 Hp), 3 Phase |
| Physical Dimensions (L x W x H) | 3800 x 1400 x 1700 mm |
| Weight | Net 3000 Kgs Approx. |

**Special Features**

- Automatic Switching Operation
- Single Sheet Suction Foot Feeder
- Ultrasonic Double sheet Detector
- No sheet Detector
- Cross feed sensor with front lay lock
- Coated grippers for improved register accuracy
- Pull type side lay on both sides
- Speed set-plate clamps
- 18 inking rollers
- Kompac automatic dampening system
- Centralised touch screen control panel with PLC
- Powder spray unit
- Delivery stacker with auto receding pile and detachable tray
- Motorised centralised lubrication system
- Transfer cylinder with glass bead sheet for anti-marking
- Blanket jam sensor
- Gear driven oscillators

- Larger ink fountain roller
- Swing type ink duct/tank
- Pre-register plate punch
- Motorised feeder pile lifting
- Crawl speed for faster make ready
- Four fans in delivery for better stacking of paper
- Hard chromium coated cylinder to prevent corrosion and wear resistance
- Hardened and ground steel drive gears for smooth drive and lasting result
- Step less adjustment of ink from ink duct roller for fine ink control
- Pin register mechanism for improved register accuracy and production
- Optimally positioned rollers for improved consistency of ink
- Pre-inking of plate cylinder to get first page to last page same ink density
- Plate bending device
- Bearer contact

पत्र संख्या–उ–22/2015 दिनॉक 21.12.2015

## आधुनिकीकरण योजना वर्ष 2014–15 के अन्तर्गत क्रय किये जाने वाले विभिन्न उपकरणों के लिये टेण्डर की शर्तेः–

1– (1) प्रत्येक उपकरण की टेण्डर फीस (अलग–अलग) रू0 500–00 है, जो रू0 500–00 के नगद भुगतान पर अपर पुलिस महानिदेशक/निदेशक, डा0 भीमराव अम्बेडकर पुलिस अकादमी, उ0प्र0 मुरादाबाद के कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। टेण्डर फार्म डाक द्वारा प्राप्त करने की स्थिति में रू0 575–00 का बैंक ड्राफ्ट अपर पुलिस महानिदेशक/निदेशक, डा0 भीमराव अम्बेडकर पुलिस अकादमी, उ0प्र0 मुरादाबाद के पक्ष में बनवाकर अकादमी कार्यालय में भेजकर डाक के माध्यम से भी टेण्डर फार्म प्राप्त किये जा सकते है।

(2) उपरोक्त से सम्बन्धित विज्ञप्ति एवं निविदा प्रपत्र सहित समस्त सूचनायें उ0प्र0 पुलिस विभाग की बेवसाइट www.uppolice.up.nic.in व सूचना विभाग की वेवसाइट www. information. up.nic.in पर उपलबध है। निविदा प्रपत्र वेव साइट से डाउनलोड किये जा सकते है। लेकिन टेण्डर जमा करने के साथ रू0 500/– का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर चैक अपर पुलिस महानिदेशक/निदेशक, डा0 भीमराव अम्बेडकर पुलिस अकादमी, उ0प्र0 मुरादाबाद के पक्ष में संलग्न करना अनिवार्य होगा।

2– उपकरण की विशिष्टताओं का विवरण निविदा प्रपत्र के साथ उपलब्ध होगा।

3– अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त अथवा बेवसाईट से डाउनलोड किये गये निर्धारित निविदा प्रपत्र के अतिरिक्त अन्य किसी प्रपत्र पर प्रस्तुत निविदाओं पर विचार नही किया जायेगा।

4– निविदा प्रपत्र के दो भाग है :– भाग ए– टैक्निकल बिड, भाग बी– फाइनेन्शियल बिड
भाग ए– टेक्निकल बिड का प्रयोग उपकरण के तकनीकी विवरण/विशिष्टताएं प्रस्तुत करने हेतु किया जायेगा जिसके साथ धरोहर राशि का बैंक ड्राफ्ट/एफ0डी0आर0, उपकरण का मॉडल सं0, उसकी विशिष्टताए, ब्रोशर/लीफलेटस् तथा अधिष्ठापन, क्रयोपरान्त सेवाये, वारण्टी अवधि, वारण्टी अवधि की समाप्ति के उपरान्त वार्षिक अनुरक्षण अनुबन्ध आदि का विवरण एवं अन्य वांछित प्रपत्र संलग्न किये जायेंगें।
भाग बी– फाइनेन्शिल बिड का प्रयोग केवल उपकरण जिसका विवरण भाग–ए टेक्निकल बिड में अंकित है, का मूल्य अंकित करने हेतु किया जायेगा।

5– निविदा दाता द्वारा टेक्निकल बिड प्रत्येक उपकरण का तकनीकी विवरण एवं विशिष्टतायें और फाइनेन्शियल बिड अलग–अलग सीलबन्द लिफाफे पर ऊपर की ओर मूल प्रति (**Original**) तथा द्वितीय प्रति के लिफाफें पर द्वितीय प्रति (**Duplicate**) अंकित किया जाना अनिवार्य है। प्रत्येक लिफाफे पर ऊपर की ओर निविदाकर्ता का नाम, उपकरण का नाम तथा नोटिफिकेशन संख्या अंकित किया जाना अनिवार्य है। प्रत्येक बिड के मूल्यांकन हेतु केवल मूल प्रति का लिफाफा ही खोला जायेगा तथा द्वितीय प्रति के लिफाफे, उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष सीलबन्द कर दिये जायेंगें।

6– टेक्निकल बिड की मूल प्रति के साथ धरोहर धनराशि का ड्राफ्ट संलग्न किया जायेगा जो अपर पुलिस महानिदेशक/निदेशक, डा0 भीमराव अम्बेडकर पुलिस अकादमी, उ0प्र0 मुरादाबाद को देय होगा। धरोहर धनराशि किसी अन्य रूप में स्वीकार किया जाना सम्भव नही होगा। बिड के लिफाफे पर स्पष्ट रूप से अंकित किया जायेगा कि धरोहर धनराशि का बैंक ड्राफ्ट संलग्न है। डी0आई0 कानपुर अथवा डी0जी0एस0 एण्ड डी0 नई दिल्ली अथवा यू0पी0एस0आई0सी0 कानपुर अथवा एन0एस0आई0सी0 नई दिल्ली में पंजीकरण के आधार पर धरोहर धनराशि जमा करने से छूट की अपेक्षा करने वाले निविदाकर्ता द्वारा सम्बन्धित प्राधिकारी की ओर से प्रदत्त इस आशय का प्रमाण–पत्र संलग्न किया जायेगा।

7– अपूर्ण अथवा वांछित तकनीकी विशिष्टतायें पूरा न करने वाली अथवा अपेक्षित धरोहर धनराशि के बैंक ड्राफ्ट/एफ. डी0आर0 से रहित निविदाओं पर विचार नही किया जायेगा। जिस फर्म द्वारा जितने आईटमों के लिए निविदा दी जायेगी, सभी आईटमों के लिए निविदा धनराशि के 02 प्रतिशत की दर से अलग–अलग बैंक ड्राफ्ट/एफडीआर/बैंक गारन्टी टैक्निकल बिड के साथ जमा करना होगा।

8– निविदादाता द्वारा उपकरण के निविदा प्रपत्र में अंकित माडल हेतु ही निविदा प्रस्तुत की जायेगी। निविदा प्रपत्र में अंकित मॉडल से भिन्न माडल हेतु प्रस्तुत निविदा अस्वीकृत कर दी जायेगी। निविदादाता द्वारा उपकरण के प्रश्नगत माडल के साथ श्रेष्ठकर विकल्प का उल्लेख निविदा में किया जा सकता है जिस पर विचार करने का अधिकार क्रय समिति का होगा।

9– निविदाकर्ता को निविदा प्रेषित करते समय यह भी प्रमाण–पत्र देना होगा कि वह प्रस्तावित आपूर्ति उपकरण सम्बन्धी फर्म के स्वयं अधिकृत वितरक/विक्रेता है। यदि निविदा में अंकित उपकरण प्रोपराइटरी आईटम है तो निविदादाता को उसके सम्बन्ध में प्रोपराइटरी प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।

10– निविदादाता द्वारा फाइनेन्शियल बिड में उपकरण का मूल्य सभी प्रकार के कर एवं व्यय आदि को सम्मिलित करते हुए निश्चित धनराशि के रूप में अंकित किया जायेगा। उपकरण का मूल्य एवं वैट टैक्स तथा अन्य टैक्स वित्तीय बिड में अलग–अलग कॉलम में अंकित किये जायेंगें। बिल प्रस्तुत करते समय अथवा भुगतान करते समय केवल निविदा स्वीकार किये जाने के समय तय की गई धनराशि ही देय होगी। अन्य किसी कर/व्यय का भुगतान किसी भी दशा में सम्भव नही होगा। उपकरण विदेशी होने की दशा में एक्सपोर्ट/इम्पोर्ट आदि डियूटी के संबंध में स्पष्ट अंकित किया जायेगा कि कितने प्रतिशत डियूटी ली जा रही है। यदि सरकारी कार्य/प्रशिक्षण संस्थानों के लिए इम्पोर्ट डियूटी को माफ या कम किये जाने का प्रावधान होगा तो निविदाकर्त्ता को अपनी वित्तीय बिड में स्पष्ट अंकित करना होगा तथा इम्पोर्ट डियूटी को माफ या कम किये जाने के संबंध में समस्त कार्यवाही संबंधित फर्म द्वारा सम्पन्न की जायेगी एवं यदि उसके लिए किसी प्रमाण पत्र या अन्य प्रपत्र की आवश्यकता होगी तो उसे कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा तथा उसके लिए संबंधित फार्मेट भी निविदाकर्त्ता को उपलब्ध कराना होगा।

11– केन्दीय बिक्रीकर / उ0प्र0 व्यापार कर हेतु पंजीकृत निविदादाताओं द्वारा टेक्निकल बिड के साथ केन्द्रीय बिक्रीकर / उ0प्र0 व्यापार कर पंजीकरण प्रमाण–पत्र संलग्न किया जायेगा तथा आयकर सम्बन्धी पैन नम्बर भी अंकित किया जायेगा।

12– स्वदेशी निर्मित उपकरण के मामले में निविदादाता को अपने सम्बन्धित प्रदेश के उद्योग निदेशालय का पंजीकरण प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।

13– आयातित उपकरण के मामले में निविदादाता केवल उन्ही उपकरण हेतु निविदा कर सकते है जिनके लिये वे अधिकृत डीलर / वितरक है। उन्हें विदेशी निर्माता की ओर से इस आशय का अधिकार पत्र प्रस्तुत करना होगा कि –

(1) निविदादाता सम्बन्धित उपकरण की आपूर्ति हेतु विदेशी निर्माता कम्पनी का अधिकृत डीलर / वितरक है।

(2) प्रश्नगत उपकरण सम्बन्धित विदेशी कम्पनी द्वारा निर्माण किया जाता है।

(3) सम्बन्धित अधिकृत डीलर/वितरक विदेशी निर्माता कम्पनी अथवा उसके अधिकृत वितरक द्वारा उसकी ओर से भारत में निविदा प्रस्तुत करने के लिये अधिकृत है।

14– निविदा में यह स्पष्ट उल्लेख किया जाना आवश्यक होगा कि उपकरण के प्रयोगार्थ कन्ज्यूमेबल आईटम्स तथा स्पेयर पार्टस की आपूर्ति सुनिश्चित की जायेगी।

15– निविदादाता द्वारा उपकरण की वारण्टी अवधि एक वर्ष से कम नही होगी, वारण्टी की सीमा तथा क्रयोपरान्त सेवाओं का विवरण उपलब्ध कराया जायेगा। आपूर्तिकर्ता फर्म/अभिकर्ता, आपूर्ति किये जा रहे उपकरण के उपयोग के सम्बन्ध में समुचित अवधि हेतु प्रशिक्षण देने के लिये भी बाध्य होगें। यदि वारण्टी अवधि में किसी उपकरण में कोई दोष उत्पन्न होता है तो आपूर्तिकर्ता द्वारा 72 घंटे के अन्दर दोष निवारण किया जोयगा अथवा स्टेण्ड–बाई व्यवस्था की जायेगी अथवा नया उपकरण उपलब्ध कराया जायेगा। संबंधित उपकरण को क्रयोपरान्त सेवाएं उनके अधिष्ठापन के स्थान पर प्रदान की जायेंगी । वारण्टी सम्बन्धी सभी सुविधाएं डा0 भीमराव अम्बेडकर पुलिस अकादमी, मुरादाबाद एवं पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय, सीतापुर में प्रदान की जायेंगी।

16– वारण्टी अवधि के उपरान्त वार्षिक अनुरक्षण अनुबन्ध की दर एवं शर्तो / प्रतिबन्धों का विवरण भी निविदा में उल्लिखित किया जाना आवश्यक है। निविदा स्वीकृत हो जाने के उपरान्त आपूर्तिकर्ता को इस आशय का अनुबन्ध करना होगा कि वारण्टी अवधि के उपरान्त निर्धारित दर एवं शर्तो /प्रतिबन्धों के अन्तर्गत वार्षिक अनुरक्षण अनुबन्ध किया जायेगा। वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध सम्बन्धी यह अनुबन्ध अपर पुलिस महानिदेशक/निदेशक, डा0 भीमराव अम्बेडकर पुलिस अकादमी, उ0प्र0 मुरादाबाद एवं पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय, सीतापुर के लिए बाध्यकारी नहीं होगा।

17– निविदा दिनांक 2–2–2016 को 1200 बजे तक डा0 भीमराव अम्बेडकर पुलिस अकादमी उ0प्र0 मुरादाबाद के कार्यालय में स्वीकार की जायेगी। निविदाएं दिनांक 2–2–2016 को निविदादाताओं/ उनके अभिकर्ताओं के समक्ष दोपहर 1300 बजे डा0 भीमराव अम्बेडकर पुलिस अकादमी उ0प्र0 मुरादाबाद में खोली जायेंगी।

18– निविदा डाक द्वारा भी भेजी जा सकती है परन्तु किसी भी माध्यम से भेजी गई निविदा का निर्धारित समय सीमा में अपर पुलिस महानिदेशक/निदेशक, डा0 भीमराव अम्बेडकर पुलिस अकादमी, उ0प्र0 मुरादाबाद पहुॅचने का उत्तरदायित्व पूर्णरूपेण निविदादाता का होगा। निर्धारित समय सीमा के उपरान्त प्राप्त निविदा पर किसी भी दशा में विचार किया जाना सम्भव नही होगा।

19– निविदा खोले जाने की तिथि 2–2–2016 को दोपहर 1300 बजे टेक्निकल बिड खोली जायेगी। टेक्निकल बिड के मूल्यांकन के उपरान्त उपकरण के प्रदर्शन का कार्य किया जायेगा। टेक्निकल बिड के मूल्यांकन एवं उपकरण के प्रदर्शन के बाद वित्तीय बिड बाद में खोली जायेगी जिसकी सूचना बाद में दी जायेगी ।

20– तकनीकी निरीक्षण /प्रदर्शन हेतु अतिरिक्त समयावधि की मॉग पर विचार किया जाना सम्भव नही होगा। उपकरण का तकनीकी निरीक्षण कराये जाने में असमर्थ पाये गये निविदादाता की निविदा निरस्त कर दी जायेगा।

21– उपकरण के क्रय हेतु गठित क्रय समिति न्यूनतम निविदा स्वीकार करने के लिये बाध्य नही है। किसी भी निविदा को पूर्णतः या उसके किसी भाग को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार क्रय समिति हो होगा।

22– क्रय किये जाने वाले उपकरण की संख्या में परिवर्तन का अधिकार क्रय समिति को होगा।

23– स्वीकृत निविदाओं के निविदादाताओं द्वारा आपूर्ति के सम्बन्ध में निर्धारित प्रारूप में रू0 100/– के नान जूडिशियल स्टाम्प पेपर पर क्रय अनुबन्ध किया जायेगा तथा बैंक ड्राफ्ट/सावधि जमा रसीद / एफ0डी0आर0/बैंक गारण्टी के रूप में उपकरण के मूल्य के 10 प्रतिशत के बराबर धनराशि अपर पुलिस महानिदेशक/निदेशक, डा0 भीमराव अम्बेडकर पुलिस अकादमी, उ0प्र0 मुरादाबाद के पक्ष में बन्धक के रूप में जमा की जायेगी। जो उपकरण की वारण्टी अवधि तक जमा रहेगी तथा इस अवधि में उपकरण के सन्तोषजनक कार्य करने के उपरान्त आपूर्तिकर्ता फर्म को वापस कर दी जायेगी।

24– यदि किसी कारण से आपूर्ति के स्त्रोत से ं टैक्स या डयूटी घटती है तो आपूर्ति कर्ता द्वारा मूल्य तदानुसार घटाया जायेगा।

25– स्वीकृत निविदाओं के निविदादाताओं द्वारा उपर्युक्त अंकित क्रय अनुबन्ध करने के उपरान्त उपकरण की आपूर्ति /अधिष्ठापन के साथ तीन प्रतियों में बिल भुगतान हेतु प्रस्तुत किया जायेगा।

26– यदि निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त तीन दिवस के अन्दर निविदादाता द्वारा क्रय अनुबन्ध एवं जमानत धनराशि प्रस्तुत नही की जाती है अथवा क्रय अनुबन्ध के उपरान्त निर्धारित समय सीमा के अन्दर उपकरण की आपूर्ति/अधिष्ठापन सम्बन्धी कार्यवाही सम्पन्न नही की जाती है तो धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी तथा आपूर्ति कर्ता फर्म को काली सूची में सम्मिलित किये जाने हेतु कार्यवाही की जायेगी।

27– आपूर्ति किये जाने वाले उपकरण संबंधित प्रशिक्षण संस्थानों में ही स्वीकार किये जायेगें तथा इसके लिये अलग से कोई यातायात, पैकेजिंग तथा इंश्योरेन्स व्यय आदि देय नही होंगें। निर्धारित गंतव्य स्थान तक उपकरणों को भेजने अथवा उसके प्रतिस्थापन पर होने वाला व्यय भार निविदादाताओं द्वारा ही वहन किया जायेगा।

28– उपकरण की आपूर्ति /अधिष्ठापन के उपरान्त निविदादाता द्वारा आवश्यकतानुसार सम्बन्धित इकाई के कर्मियों को उपकरण के रख रखाव एवं संचालन के सम्बन्ध में समुचित अवधि का प्रशिक्षण प्रदान करने की व्यवस्था भी की जायेगी । इसके अतिरिक्त आपरेटिंग मैन्यूवल एवं अन्य प्रशिक्षण सामग्री प्रदान करना होगा। जिसके लिये अलग से कोई व्यय देय नही होगा। प्रशिक्षण की अवधि को अपनी निविदा में अंकित करना होगा। उपकरण का प्रशिक्षण संबंधित कार्यालय पर देना होगा।

29– सभी उपकरणों की आपूर्ति /अधिष्ठापन एवं पीडीआई के उपरान्त ही भुगतान किया जायेगा। परिस्थितिवश भुगतान के विलम्ब के लिये कोई ब्याज/अधिभार देय नही होगा।

30– कोई भी विवाद मुरादाबाद के न्यायिक क्षेत्र में ही विचारणीय होगा।

31– निविदा प्रपत्र में संलग्न शर्तो एवं प्रतिबन्धों को दृष्टिगत रखते हुए ही निविदा प्रस्तुत की जानी चाहिये। इन शर्तो एवं प्रतिबन्धों का उल्लंघन करते हुए प्रस्तुत की गई निविदा निरस्त की जा सकती है।

32– टेक्निकल बिड के खुलने के उपरान्त निविदादाता को प्रस्तावित उपकरणों को प्रदर्शित करना होगा तथा उसके टेक्निकल बोशर व कैटलाग भी देना होगा।

33– निविदादाताओं को टेक्निकल बिड के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न करना होगा –
1– टेक्निकल प्रमाण पत्र, 2– कम्पनी/डीलर को वैट रजिस्ट्रेशन,
3– सर्विस टैक्स रजिस्ट्रेशन, 4– पैन नम्बर।

34– कम्पनी / डीलर का कार्यालय व सर्विस सेन्टर यू0पी0/दिल्ली/एन0सी0आर0 में होना चाहियें।

35– निविदा खुलने के दिनांक से 90 दिवस तक निविदाकर्ताओं द्वारा अपनी निविदाये/ आमंत्रण खुली/ स्थिर रखनी होंगी।

(मौ0 जावेद अख्तर )
अपर पुलिस महानिदेशक/ अध्यक्ष क्रय समिति
पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय
एवं
निदेशक
डा0 भीमराव अम्बेडकर पुलिस अकादमी
उ0प्र0 मुरादाबाद